- हरिभाऊ उपाध्याय को वर्ष 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान जेल भेजा गया, जेल में रहते हुए इन्होंने "स्वतंत्रता की ओर" नामक पुस्तक लिखी।
- हरिभाऊ उपाध्याय की प्रमुख पुस्तकें– बापू के आश्रम, युग धर्म, दुर्वादल इत्यादि।
- हरिभाऊ उपाध्याय वर्ष 1951 से 1956 तक अजमेर-मेरवाड़ा के प्रथम व अन्तिम मुख्यमंत्री बने थे।

**21. [c]**

- राजस्थान का अक्षाशीय विस्तार– 23°3′ से 30°17 उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।
- राजस्थान कुल 7°9′ अक्षांशों के मध्य स्थित है।
- अक्षांश ग्लोब पर खींची गई काल्पनिक रेखा है जो पूर्व से पश्चिम खींची जाती है।
- राजस्थान का देशान्तरीय विस्तार– 69°30′ से 78°17′ पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।
- राजस्थान कुल 8°47 देशान्तरों के मध्य स्थित है।

**22. [b]**

- राजस्थान की आकृति– विषमकोणीय चतुर्भुजाकार या पतंगाकार है।
- इस आकृति के बारे में सर्वप्रथम बताया T.H. हेंडले महोदय ने।

**23. [d]**

- राजस्थान को भौगोलिक प्रदेशों में बाँटने का सर्वप्रथम प्रयास सन् 1968 में प्रो. वी. सी. मिश्रा में पुस्तक राजस्थान का भूगोल में किया।
- प्रो.वी.सी. मिश्रा ने राजस्थान को 7 भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा है–
  (1) नहरी प्रदेश
  (2) अर्द्धशुष्क प्रदेश
  (3) पश्चिमी शुष्क प्रदेश
  (4) पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश
  (5) चम्बल बीहड़ प्रदेश
  (6) अरावली प्रदेश
  (7) दक्षिणी पूर्वी कृषि प्रदेश

**24. [c]**

**मुकन्दरा की पहाड़ियाँ:–**

- यह पहाड़ियाँ हाड़ौती के पठार (द.पूर्वी पठारी प्रदेश) का भाग है।
- इनका विस्तार– हाड़ौती के मध्य उत्तर-पश्चिमी से दक्षिण पूर्व में लगभग 120 किमी. की लम्बाई में विस्तृत है।
- लसाड़िया का पठार– सलूम्बर में यह पठार जयसमंद झील के पूर्व में स्थित है।
- इसे कटा-फटा या विच्छेदित पठार कहते हैं।

**मेसा का पठार चित्तौड़गढ़:-**

- इस पर चित्तौड़गढ़ दुर्ग बना हुआ है।
- उदयनाथ की पहाड़ियाँ– अलवर

**25. [c]**

**लूनी नदी:–**

- उद्गम– नाग पहाड़ (अजमेर) से
- प्रारम्भिक नाम– सागरमती
- गोविन्दगढ़ (अजमेर) में सरस्वती नदी मिलने के बाद इसे लूनी कहते हैं।
- उपनाम– साक्री, लवणवती, सागरमती, आधी-खारी आधी मीठी नदी।
- कुल लम्बाई– 495 किमी. (राजस्थान में 330 किमी.)
- प्रवाह क्षेत्र– अजमेर, नागौर, ब्यावर, जोधपुर ग्रामीण, ब्रालोतरा, बाड़मेर व सांचौर में।
- सहायक नदियाँ– जोजड़ी, लीलड़ी, मीठड़ी, जवाई, सुखड़ी, बाड़ी व सागी है।

**26. [b]**

- कालीसिल नदी, मोरेल नदी की सहायक नदी है।
- चम्बल की सहायक नदियाँ– कालीसिंध पार्वत, ब्रह्मणी, मेज, बनास
- बनास की सहायक नदियाँ– बेड़च, मैनाल, कोठारी, खारी, डाई, बाड़ी व मोरेल।
- लूनी की सहायक नदियाँ– जोजड़ी, लीलड़ी, मीठड़ी, जवाई, सुखड़ी, बाड़ी व सागी है।
- माही की सहायक नदियाँ– ईरू, जाखम, सोम, चाप, मोरेन व अनास।

**27. [b]**

- तालाब शाही झील – धौलपुर
- जैत सागर झील – बूँदी
- तलवाड़ा झील – हनुमानगढ़
- बालसमंद झील – जोधपुर
- गैब सागर झील – डूँगरपुर

**28. [b]**

**मृदा अपरदन:–**

- राज्य में मृदा अपरदन एक गंभीर समस्या है।
- मृदा व उसकी उर्वरता के विनाश को देखते हुए इसे मृदा की रेंगती मृत्यु कहते है।
- जल या वायु द्वारा मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत बह जाना या उड़ जाना मृदा अपरदन कहलाता है।

**29. [c]**

| मृदा के प्रकार | जिले |
|---|---|
| नवीन भूरी मृदा | भीलवाड़ा, अजमेर में |
| नॉन केल्सिल ब्राउन मृदा | जयपुर, सीकर, झुंझुनूँ, नागौर, अजमेर व अलवर में। |
| नवीन जलोढ़ मृदा | अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर व जयपुर |
| पर्वतीय मृदा | उदयपुर, कोटा में। |

**30. [c]**

- राजस्थान वन विभाग रिपोर्ट 31.03.2024 के अनुसार–
- राज्य में कुल अभिलेखित वन– 32921 वर्ग किमी.
- राज्य में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9.60 प्रतिशत भाग पर अभिलेखित वन है।
- राज्य का अभिलेखित वन क्षेत्र की दृष्टि से देश में 15वाँ स्थान है।

**31. [a]**

**खेजड़ली वृक्ष मेला:–**

- यह मेला खेजड़ली गाँव (जोधपुर ग्रामीण) में भरता है।
- यह विश्व का एकमात्र वृक्ष मेला है।
- यह मेला प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल दशमी को भरता है।
- खेजड़ली दिवस 12 सितम्बर को।
- 1730 ई. में मारवाड़ राज्य की सेना के विरुद्ध अमृता देवी विश्नोई के नेतृत्व में 363 लोगों ने खेजड़ी वृक्ष रक्षार्थ खेजड़ली गाँव (जोधपुर ग्रामीण में अपने प्राणों का बलिदान दिया था।)

**32. [b]**

**थॉर्नवेट का जलवायु वर्गीकरण:–**

**(1) EA'd – शुष्क मरुस्थलीय जलवायु प्रदेश:-**

- प्रतिनिधित्व जिला– जैसलमेर
- विस्तार– पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय
- जिले– जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, अनूपगढ़, फलोदी में।

**(2) DB'w – अर्द्ध शुष्क जलवायु प्रदेश:-**

- प्रतिनिधित्व जिला– बीकानेर
- विस्तार– श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, उत्तर-पूर्वी बीकानेर, चूरू व उत्तरी झुंझुनूँ का क्षेत्र।

**(3) DA'w – उष्ण आर्द्र जलवायु प्रदेश:-**

- प्रतिनिधित्व जिला– अजमेर
- विस्तार– जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, सीकर, झुंझुनूँ, नीम का थाना, डीग, भरतपुर, धौलपुर, करौली, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, दौसा, टोंक, केकड़ी, बूँदी, शाहपुरा, भीलवाड़ा, ब्यावर, अजमेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, पाली, राजसमंद, सिरोही, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सांचौर, बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण व दक्षिण-पूर्वी फलोदी का क्षेत्र।

**(4) CA'w – उपआर्द्र जलवायु प्रदेश:–**

- प्रतिनिधित्व जिला– डूँगरपुर
- विस्तार– डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, दक्षिण-पूर्वी उदयपुर, सलूम्बर, प्रतापगढ़, झालावाड़, बाराँ व कोटा का क्षेत्र

33. [c]
- राजस्थान में औसत वार्षिक वर्षा 57.51 सेमी. होती है।
- राजस्थान में वर्षा की मात्रा में दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर कमी आती है।
- सर्वाधिक वर्षा वाला जिला– बाँसवाड़ा
- न्यूनतम वर्षा वाला जिला– जैसलमेर

34. [b]
- सोम-कागदर – उदयपुर
- तकली – कोटा
- पीपलाद – झालावाड़
- पाँचना – करौली

35. [a]

**जवाहर सागर बाँध:–**
- बोरावास (कोटा) में चम्बल नदी पर स्थित है।
- यह एक पिकअप बाँध है।
- यह बाँध 440मी. लम्बा व 45 मीटर ऊँचा है।
- कुल विद्युत उत्पादन– 99MW (33×3)

36. [d]
- राजस्थान में सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाले जिले–
  1.जयपुर - 31,54,331
  2.अलवर - 30,19,728
  3.नागौर - 26,70,539
  4.उदयपुर - 24,59,994

37. [a]
- राजस्थान की साक्षरता दर- 66.1 प्रतिशत
- भारत में साक्षरता की दृष्टि से राज्य का स्थान– 26वाँ
- राज्य में पुरुष साक्षरता दर 79.2 प्रतिशत
- राज्य में महिला साक्षरता दर 52.1 प्रतिशत
- सर्वाधिक साक्षरता दर वाला जिला – कोटा
- न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला– जालोर

38. [a]

**रोहिड़ा:-**
- उपनाम- रेगिस्तान/मरुस्थल का सागवान, मरुशोभा, मरुटीक
- वानस्पतिक नाम – टिकोमेला अन्डूलेटा
- राज्य पुष्प का दर्जा – 31 अक्टूबर, 1983 को।
- इसका विस्तार पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक है।

39. [c]
- राज्य में ग्रामीण रोडवेज बस सेवा की शुरुआत 12 सितम्बर, 2012 को हुई थी।
- यह बस उदयपुर से आगरा के मध्य चलाई गई।

40. [b]
- राज्य में प्रथम सड़क नीति 1994 को घोषित की गई।
- स्वतंत्र सड़क नीति लाने वाला राजस्थान देश का प्रथम राज्य है।
- उद्देश्य– निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

41. [d]
- लोकदेवता मेहा जी मांगलिया अपनी धर्मबहिन हेकूकी गुजरी की गायों की लुटेरों से रक्षा करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए।
- मेहाजी मंडोर के शासक राणा रूपड़ा के समकालीन थे।
- ये मेवाड़ के गुहिल वंश की मांगलिया शाखा से संबंधित थे।
- मेला – बापिणी गाँव (फलोदी) में भाद्रपद कृष्णा अष्टमी को लगता है।

42. [c]
- 'मामादेव' लोकदेवता को 'बरसात का देवता' माना जाता है।
- इनके पूजा स्थल पर पत्थर की मूर्तियाँ नहीं बल्कि लकड़ी का कलात्मक तोरण होता है।
- वीर फत्ताजी लुटेरों से गाँव की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। इनका मुख्य पूजा स्थल सांथू गाँव, जालोर है।
- इलोजी मारवाड़ के लोकदेवता माने जाते हैं।
- खेतरपाल जी को ग्राम रक्षक देवता के रूप में पूजा जाता है।

43. [a]
- मशक, बांसुरी व तुरही सुषिर वाद्य यंत्र हैं।
- सारंगी – तत् वाद्य यंत्र है।
- सारंगी सागवान, कैर व रोहिड़े की लकड़ी से बनाई जाती है। इसके तार बकरे की आंत से बने होते हैं तथा गज घोड़े की पूँछ की बालों से बनी होती है।
- सारंगी दो प्रकार की होती है-
  1. सिंधी सारंगी
  2. गुजराती सारंगी
- सारंगी में सात या अधिक तार होते हैं, गुजराती सारंगी में स्टील से बने सात तार होते हैं तथा सिंधी सारंगी में तारों की संख्या अधिक होती है।
- सिंधी सारंगी वादक लाखा खान को वर्ष 2021 में 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया।

44. [a]
- गुजरी तत् वाद्य यंत्र है, जिसमें 5 तार होते हैं तथा धनुषाकार गज से बजाया जाता है।
- पूंगी सुषिर वाद्य यंत्र है। यह तुम्बे के निचले हिस्से में बाँस की दो नलियाँ लगाकर बनाया जाता है।
- घंटा उल्टे गमले जैसे आकार में पीतल, जस्ते या ताँबे का बना होता है।
- डेरू अवनद्ध वाद्य यंत्र है गोगाजी के भक्त इसे बजाते हैं।

45. [a]
- शीतलाष्टमी का त्योहार चैत्र कृष्ण अष्टमी को मनाया जाता है।
- चैत्र कृष्ण सप्तमी की शाम को बनाए गए पकवानों का अगले दिन कृष्ण अष्टमी की सुबह शीतला माता को भोग लगाकर पूजा की जाती है, इन्हें 'बास्योड़ा' कहते हैं।
- इस दिन शील की डूंगरी, चाकसू में शीतला माता का विशाल मेला भरता है।

46. [d]
- भाद्रपद्र कृष्ण द्वादशी को बछबारस का त्योहार मनाया जाता है।
- इस दिन महिलाएँ गाय और बछड़े की पूजा करती है।
- बछड़े के मस्तक पर तिलक लगाकर उसे फूलों की माला पहनाई जाती है एवं अंकुर निकली मोठ की दाल, चने और लड्डु खिलाए जाते हैं। उसके बाद महिलाएँ अपने पुत्रों को तिलक लगाकर उन्हें लड्डु खिलाती है।
- इस दिन महिलाएँ केवल उबले मोठ की सब्जी, बाजरे की रोटी के साथ खाती है।

47. [b]
- ऊँट महोत्सव, बीकानेर में आयोजित होता है, इस दौरान ऊँट दौड़, सर्वश्रेष्ठ नस्ल प्रतियोगिता, ऊँट कलाबाजी और सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।
- मरु महोत्सव, जैसलमेर में आयोजित होता है।
- बैलून महोत्सव का आयोजन बाड़मेर में होता है।
- दशहरा महोत्सव का आयोजन कोटा में होता है।

**48. [c]**
- चित्तौड़गढ़ दुर्ग, गंभीरी व बेड़च नदियों के संगम पर अरावली के मेसा पठार पर स्थित है।
- चित्तौड़गढ़ दुर्ग को 'राजस्थान का गौरव' तथा 'किलों का सिरमौर' कहा जाता है।
- वीर विनोद के अनुसार इसका निर्माण मौर्य राजा चित्रांग (चित्रांगद) ने करवाया तथा इसका नाम 'चित्रकोट' रखा।
- राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य का सबसे बड़ा लिविंग फोर्ट तथा एकमात्र दुर्ग है जिसमें कृषि की जाती है।

**49. [c]**
- हवामहल का निर्माण जयपुर शासक सवाई प्रतापसिंह ने सन् 1799 में करवाया था।
- वास्तुकार – लालचंद उस्ता
- यह पाँच मंजिला इमारत है।
- प्रथम मंजिल – शरद् मंदिर/ प्रताप मंदिर
- द्वितीय मंजिल – रत्न मंदिर
- तीसरी मंजिल – विचित्र मंदिर
- चौथी मंजिल - प्रकाश मंदिर
- पाँचवीं मंजिल – हवा मंदिर

**50. [c]**
- जोधपुर में स्थित जसवंत थड़ा का निर्माण महाराजा सरदार सिंह ने अपने पिता जसवंत सिंह द्वितीय की स्मृति में करवाया।
- इसे 'राजस्थान का ताजमहल' कहा जाता है।
- इसका निर्माण सन् 1899 से 1906 के दौरान करवाया गया।

**51. [c]**
- उदयपुर स्थित जगदीश मंदिर का निर्माण महाराणा जगतसिंह-I ने 1651 ई. में उदयपुर में स्थित सिटी पैलेस के नजदीक पिछोला झील के किनारे करवाया।
- शिल्पकार – अर्जुन, भाण व मुकुन्द
- इसे सपने में बना मंदिर (जगतसिंह-I के सपने में भगवान जगन्नाथ आए) कहते हैं।

**52. [a]**
- निकुंभ राजा चाँद ने 8वीं-9वीं शताब्दी में आभानेरी, दौसा स्थित चाँद बावड़ी का निर्माण करवाया।
- यह राजस्थान की सबसे कलात्मक तथा सबसे गहरी बावड़ी है।
- 13 मंजिल की इस बावड़ी के अंदर 3500 सीढ़ियाँ है।
- इसके तीन तरफ सोपान बने हैं जबकि उत्तरी भाग में स्तम्भों पर आधारित बहुमंजिली दीर्घा बनाई गई है, उस दीर्घा के दो मंडपों में महिषासुर मर्दिनी एवं गणेश की सुन्दर प्रतिमाएँ है।
- इसे 'तिलिस्मा बावड़ी' तथा 'भूल-भूलैया' बावड़ी के उपनाम से भी जाना जाता है।

**53. [b]**
- वील – यह पश्चिमी राजस्थान के ग्रामीण अंचलों में सर्वत्र दिखाई देती है।
- यह बाँस की पतली खपच्चियों को धागों से बाँधकर घोड़े की लीद मिली चिकनी मिट्टी से बनाई जाती है।
- इसे कलात्मक बनाने के लिए छोटे-छोटे गवाक्ष, जालियाँ, कंगूरे बनाकर इन पर छोटे-छोटे काँच के टुकड़े चिपकाए जाते हैं तथा इनमें दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, बर्तन आदि सजाए जाते हैं।

**54. [b]**
- वालर नृत्य सिरोही क्षेत्र की गरासिया जनजाति का प्रसिद्ध नृत्य है।
- इस नृत्य का प्रारम्भ एक व्यक्ति हाथ में छाता या तलवार लेकर करता है।
- यह बिना किसी वाद्य यंत्र के महिला व पुरुषों द्वारा किया जाने वाले वाला युगल नृत्य है।
- यह नृत्य अर्द्धवृत्त में किया जाता है, जिसमें महिलाएँ अन्दर व पुरुष बाहर होते हैं।

**55. [b]**
- चारबैंत टोंक का प्रसिद्ध लोकनाट्य है जो संगीत दंगल के रूप में खेला जाता है।
- टोंक में इस शैली का प्रारम्भ नवाब फैजुल्ला खाँ के शासनकाल में करीम खाँ निहंग ने किया।
- इस लोकनाट्य में गायक डफ बजाता हुआ घुटनों के बल खड़े होकर गायन करता है।

**56. [a]**
- राजस्थान में मरुस्थलीय क्षेत्र के लोकगीत ऊँचे स्वरों व लम्बी धुन वाले होते हैं जिनमें स्वर विस्तार अधिक पाया जाता है।
- मरुस्थल क्षेत्र के गीत आकर्षक व मधुर होते हैं।
- क्षेत्र – जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, बालोतरा आदि।
- गायन जातियाँ – कामड़, भोपे, लंगा, मिरासी कलावंत इत्यादि।

**57. [b]**
- राजस्थान में मौसम के अनुसार पगड़ियाँ पहनने का रिवाज था।
- मोठड़े की पगड़ी – विवाहोत्सव पर
- लहरिया पगड़ी – श्रावण मास में
- मदील पगड़ी – दशहरे पर
- फूल-पत्ती वाली पगड़ी – होली अवसर पर
- बसंती पगड़ी – मांगलिक तथा शुभ अवसरों पर
- केसरिया पगड़ी – राजपूतों द्वारा युद्ध करने जाते समय तथा ग्रीष्म ऋतु में
- कुसुम्बी पगड़ी – सर्दियों में
- हरी या कसुमल – वर्षा ऋतु में
- सफेद पगड़ी – शोक के समय

**58. [a]**
- उपर्युक्त में से बढ़ार विवाह से संबंधित रीतिरिवाज है, यह दूल्हे/दुल्हन के घर किए जाने वाले सामूहिक प्रीतिभोज को कहा जाता है।
- भदर, पानीवाड़ा तथा सांतरवाड़ा मृत्यु से संबंधित रीतिरिवाज है।

**59. [d]**
- वर्ष 1912 में जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने अपनी पुस्तक 'लिंग्वेस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया' में राजस्थान की भाषा के लिए सर्वप्रथम 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग किया।
- टेस्सीटोरी के अनुसार 12वीं शताब्दी के लगभग यह भाषा अस्तित्व में आ चुकी थी।

**60. [a]**

| | | |
|---|---|---|
| प्राचीन काल | वीरगाथा काल | 1050 ई. से 1450 ई. |
| पूर्व मध्यकाल | भक्तिकाल | 1450 ई. से 1650 ई. |
| उत्तर मध्यकाल | श्रृंगार, रीति एवं नीति काल | 1650 ई. से 1850 ई. |
| आधुनिक काल | विविधता काल | 1850 ई. से वर्तमान तक |

- **वीरगाथा काल –** इस काल में वीर नायकों के आदर्श को प्रस्तुत करने के लिए वीर रसात्मक काव्यों का सृजन किया गया। इस काल में वीरता प्रधान काव्यों की प्रमुखता के कारण इस काल को वीरगाथा काल का नाम दिया गया।

- **भक्तिकाल** – इस काल में विभिन्न संतों और उनके द्वारा प्रवर्तित सम्प्रदायों ने लोक जनमानस में अपनी गहरी जगह बनाई।
- **श्रृंगार, रीति एवं नीतिकाल** – इस काल में लोक जनमानस में प्रचलित प्रेमां ख्यानों को विभिन्न ग्रन्थों का रूप दिया गया।
- आधुनिक काल/विविधता का काल – स्वतंत्रता संग्राम (1857) से पहले व बाद में समाज में एक नई चेतना का संचार हुआ जिसका समाज और साहित्य पर व्यापक प्रभाव पड़ा। इसी चेतना काल में विकसित हुए साहित्य को आधुनिक साहित्य कहा गया।

**61.** [b]
- मानव शरीर में पाचन क्रिया के दौरान जल व खनिजों का अवशोषण बड़ी आंत में होता है। बड़ी आंत में किसी प्रकार का पाचन नहीं होता है।
- बड़ी आंत श्लेष्म का स्रावण करती है जो अपचित एवं उत्सर्जी पदार्थों को चिपकाने का काम करती है और बाह्य निकास को आसान बनाती है।
- इसी प्रकार छोटी आंत में सरल पदार्थों का अवशोषण होता हैं। मुखगुहा में कर्बोहाइड्रेट्स को जल अपघटित करने वाले एंजाइम एमाइलेज के स्रावण से पाचन प्रारंभ होता है।
- आमाशय में जठरीय रसों का स्रावण होता है।

**62.** [c]
- पारा अथवा मर्करी (Hg) एकमात्र द्रव धातु हैं।
- कमरे के ताप पर द्रव अवस्था में पाई जाती हैं क्योंकि यह आसानी से संयोजी इलेक्ट्रॉनों को साझा नहीं कर पाता है तथा इसका गलनांक भी कम होता है। [लगभग– 37 से – 38.8° C]।

**63.** [b]
- विटामिन–B12 को राइबोफ्लेविन भी कहा जाता है। मांस, डेयरी, प्रोडक्ट, अंडे इसका अच्छे स्रोत हैं। इसकी कमी हो जाने पर लाल रक्त कोशिका की कमी हो जाती है जिसे 'एनीमिया' कहते हैं।
- विटामिन– 'C' का अन्य नाम– एस्कॉर्बिक अम्ल।
- विटामिन– $B_6$ पिरीडॉक्सिन।
- विटामिन–$K_1$ फाइलोक्विनोन।

**64.** [a]
- '$CaO$' बिना बुझे चूने का रासायनिक सूत्र है जिसे कैल्शियम ऑक्साइड कहते हैं। इसका उपयोग चीनी मिट्टी के बर्तन तथा काँच बनाने में, सीमेंट बनाने में, ब्लीचिंग पाउडर बनाने में किया जाता है।
- $CaCO_3$ (कैल्शियम कार्बोनेट) लाइमस्टोन या चूना पत्थर का रासायनिक सूत्र है।
- $CaH_2$ (कैल्शियम हाइड्राइड) हाइड्रोलिथ का तथा $CO_2$ कार्बनडाईऑक्साइड का रासायनिक सूत्र है।

**65.** [c]
- मानव रक्त का pH 7.3 से 7.45 के मध्य होता है। यह हल्का क्षारीय होता हैं।
- रक्त का pH स्तर शरीर की उपापचय प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। ताकि सभी प्रक्रियाएँ संतुलित रूप से चल सके।

**66.** [a]
- **किण्वन–** एक जैव रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें जटिल कार्बनिक यौगिक सूक्ष्मजीवों (यीस्ट) के द्वारा सरल कार्बनिक यौगिकों में विघटित हो जाते हैं। यीस्ट द्वारा शर्करा का एथेनॉल में रूपांतरण किण्वन कहलाता है।
- **पाश्चुरीकरण–** बिना किसी रासायनिक परिवर्तन किए, किसी तरल पदार्थ को उच्चताप पर निश्चित अवधि के लिए गर्म करके जीवाणु रहित बनाना पाश्चुरीकरण कहलाता है।
- **ऑक्सीकरण (उपचयन)–** वह रासायनिक अभिक्रिया जि यौगिक में ऑक्सीजन परमाणु का योग होता है व हाइड्रोजन पर का ह्रास होता है।
- **अपचयन–** वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें हाइड्रोजन परमाणु योग हो तथा ऑक्सीजन परमाणु का ह्रास हो।

**67.** [d]
- हवा के बुलबुले पूर्ण आंतरिक परावर्तन के कारण पानी में चमकते
- किसी माध्यम के भीतर प्रकाश की किरण का पूर्ण परावर्तन होता जिसे पूर्ण आंतरिक परावर्तन कहते हैं। आपतन कोण के मान निश्चित मान से अधिक होने पर यह परिघटना होती है। हीरे चमकना, मृगतृष्णा बनना भी इसी परिघटना के उदाहरण है।

**68.** [a]
- यकृत मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है जो डायफ्राम के नीचे स्थि होता है। यह पित्त रस का निर्माण करता हैं।
- यकृत पाचन में, प्रोटीन संश्लेषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है
- इसी प्रकार, अग्न्याशय को मिश्रित ग्रंथि कहते हैं।
- पीयूष ग्रंथि को मास्टर ग्रंथि कहते हैं।

**69.** [a]
- मानव में 23 जोड़े अर्थात् 46 गुणसूत्र पाए जाते हैं। इनमें से 22 जो अलिंगगुणसूत्र कहलाते हैं तथा 23वें जोड़े को लिंग गुणसूत्र कहते
- अलिंग गुणसूत्र सभी स्त्री व पुरुषों में समान होते हैं।
- लिंग गुणसूत्र अर्थात्– 23वें जोड़े के गुणसूत्र नर व मादा में भिन्न हैं। नर मनुष्य में ये XY तथा मादा में ये XX पाए जाते हैं।

**70.** [d]
- अमलगम पारे का किसी अन्य धातु जैसे–चाँदी, जिंक, कॉपर इत्या के साथ मिश्रधातु होता है।
- अमलगम एक ठोस, तरल या पेस्ट के रूप में हो सकता है।
- इसका उपयोग दाँतों में होने वाली सड़न के उपचार में किया जाता अर्थात् Cavities को ठीक करने में।
- अमलगम का शरीर पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

**71.** [b]
- ग्रेगर जॉन मेण्डल को आनुवांशिकी का जनक कहा जाता हैं। मेण्ड ने मटर के पौधें पर प्रयोग करके आनुवांशिकी के नियमों को विकसि किया था। मेंण्डल ने ही वंशानुक्रम सिद्धांत को स्थापित किया।

**72.** [d]
- एक से दूसरी पीढ़ी में जीन में अचानक होने वाले परिवर्तन उत्परिवर्तन कहते हैं। उत्परिवर्तन के फलस्वरूप DNA अणुओं न्यूक्लियोटाइड क्षार युग्मों के अनुक्रम बदल जाते हैं। DNA अणु की संरचना में परिवर्तन के कारण विभिन्नताएँ उत्पन्न होती है।
- उत्परिवर्तन का सिद्धांत ह्यूगो डी. व्रीज ने प्रतिपादित किया था।

**73.** [c]
- कोबाल्ट–60 समस्थानिक का उपयोग कैंसर के उपचार में कि जाता हैं। यह कैंसर कोशिकाओं को मारने का काम करता है।
- इसके अतिरिक्त, आयोडीन–131 का उपयोग थायरॉइड कैंसर रेडियम–188 का उपयोग त्वचा कैंसर में, फॉस्फोरस–32 का उपयो आँखों व त्वचा के कैंसर में किया जाता है।

**74.** [b]
- तपेदिक (T.B.) या क्षय रोग के उपचार में B.C.G. (बैसिलस कैलमे गुएरिन) नामक वैक्सीन दिया जाता है। यह वैक्सीन T.B. उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया के कमज़ोर रूप से बनाया जाता है। यह एंटीबॉडीज़ बनाकर शरीर को T.B. उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया बचने के लिए प्रतिरक्षा विकसित करता है।

75. [c]
- टाइफाइड, दूषित भोजन व पेय जल से फैलने वाला रोग है। इसका रोगकारक सालमोनेला टाइफी नामक जीवाणु हैं।
- यह छोटी आंत को संक्रमित करता है।
- रोगी को इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, पेटदर्द, दस्त लगना, भूख न लगना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

76. [c]
- अपशिष्ट प्रबंधन 3 R सिद्धांत का क्रम हैं- रिड्यूस, रियूज़ तथा रिसाइकल।
- 'रिड्यूस' का अर्थ हैं– संसाधनों का उपयोग सीमित या कम करना ताकि वे आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रह सके।
- 'रियूज़' अर्थ है– संसाधनों अथवा वस्तुओं को बार-बार न खरीदने के अलावा उनका बार–बार उपयोग करना।
- 'रिसाइकल' का अर्थ हैं– वे संसाधन जिनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है, जैसे– कागज, काँच, धातुएँ आदि को पुनर्चक्रण कर उन्हें पुनः उपयोगी बनाना।

77. [a]
- भस्मीकरण अपशिष्ट निपटान की विधि है जिसमें गैस कार्बनिक अपशिष्टों का दहन किया जाता है ताकि उन्हें अवशेष व गैसीय उत्पादों में परिवर्तित किया जा सके। यह विधि ठोस अपशिष्टों को 80 से 85% तक कम कर देती है परंतु यह एक विवादास्पद विधि है, क्योंकि इसमें कार्बनडाइऑक्साइड सहित अन्य गैसीय प्रदूषकों का पर्याप्त उत्सर्जन होता हैं।

78. [b]
- शरीर की संरचनात्मक तथा कार्यात्मक इकाई को कोशिका कहते हैं। मानव शरीर की सबसे लम्बी कोशिका तंत्रिका कोशिका है। इसे न्यूरॉन भी कहते हैं।
- न्यूरॉन्स, तंत्रिका तंत्र की क्रियात्मक इकाई है। न्यूरॉन विद्युत आवेगों के द्वारा एक से दूसरी कोशिका में संकतों का स्थानांतरण करते हैं।

79. [a]
- मछली एक मांसाहारी आहार के अंतर्गत आती है जिसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता हैं। इसमें वसा का प्रतिशत अत्यंत कम होता है। इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, विटामिन-$B_{12}$, विटामिन-D आदि के साथ आयरन, जिंक, आयोडीन, मैग्नीशियम भी पाए जाते हैं।
- प्रोटीन शरीर के महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है।

80. [b]
- मिनामाता रोग पारे (मर्करी) की गंभीर विषाक्तता के कारण होती हैं जो मुख्य रूप से केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है। इस रोग के कारण रोगी में मतिभंग, श्रवण संबंधी व दृश्य क्षेत्र संकुचन, कम्पन, संवेदी समस्याएँ, पेशीय कमज़ोरी जैसी समस्याएँ होती हैं।

81. [c]

म.स.प.(HCF) न्यूनतम घात होती है, इसलिए

$a^2b^4c^6, b^3c^8a^4$ और $a^8b^6c^2$ की न्यूनतम घात

म.स.प.(HCF) = $a^2\, b^3\, c^2$

82. [d]

माना कुल मतदाता = 100

वोट नहीं डालने वाले मतदाता = 8

शेष वोट = 92

| उम्मीदवार 1 | : | उम्मीदवार 2 |
|---|---|---|
| 48 | : | 44 |

अन्तर 4

वास्तविक वोटों का अन्तर = 1100 वोट

कुल मतदाताओं की संख्या = $\frac{1100}{4} \times 100 = 27{,}500$ मतदाता

अतः चुनाव में कुल 27,500 मतदाता थे।

83. [b]

दो संख्याओं का म.स.(HCF) = 11 , ल.स.(LCM) = 693

एक संख्या = 77,   दूसरी संख्या =?

हम जानते हैं कि -

पहली संख्या × दूसरी संख्या = दोनों का म.स. × दोनों का ल.स.

= 77 × दूसरी संख्या = 11 × 693

दूसरी संख्या = $\frac{11 \times 693}{77} = 99$

अतः दूसरी संख्या 99 होगी ।

84. [c]

अगली बार मिलने का समय LCM होगा।

(24, 48, 72) का LCM = 144

= 2 min 24 sec.

9 : 10 : 24 + 2 : 24

9 : 12 : 48

85. [c]

दिया है, x : y = 3 : 4

तो, $\frac{4x+3y}{4y-4x} = \frac{4\times3+3\times4}{4\times4-4\times3} = \frac{12+12}{16-12} = \frac{24}{4} = 6:1$

86. [a]

A, B और C की रकम का योग = 376 रुपये

A : B : C

$\frac{1}{3} : \frac{1}{4} : \frac{1}{5}$

20 : 15 : 12

3, 4, 5 का L.C.M = 60

अनुपातों क योग = 20 + 15 + 12 = 47

कुल रकम = 376 रुपये

47unit ⟶ 376 रुपये

1unit → $\frac{376}{47} = 8$

C की रकम = 12 × 8 = 96 रुपये

87. [d]

गाँव की वर्तमान जनसंख्या = 4000

गाँव की जनसंख्या में वार्षिक दर से वृद्धि =15%

दो वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या

$4000 \times \frac{115}{100} \times \frac{115}{100} = 529 \times 10 = 5290$

अतः दो वर्ष बाद गाँव की जनसंख्या 5290 होगी।

88. [b]

वस्तु का विक्रय मूल्य (SP) = 270 रुपये
हानि = 10% , वस्तु का क्रय मूल्य (CP) = ?
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 90\% = 270$
$\Rightarrow 100\% = x$ (वस्तु का क्रय मूल्य)
$\Rightarrow x = \frac{270}{90}\times100$ = 300 रुपये
अत: वस्तु का क्रय मूल्य 300 रुपये होगा।

89. [d]

माना क्रय मूल्य = 100 रुपये
विक्रय मूल्य = $100 \times \frac{4}{3} = \frac{400}{3}$
लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य
$= \frac{400}{3} - 100 = \frac{100}{3}$
लाभ % = $\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100 = \frac{\frac{100}{3}}{100} \times 100$
$= \frac{100}{3} \times \frac{1}{100} \times 100 = \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$
अत: लाभ प्रतिशत $33\frac{1}{3}\%$ होगा।

90. [b]

34 पुस्तके बेचने पर एक दुकानदार को 6 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है।
हानि = 6 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर
हानि प्रतिशत = $\frac{6}{40} \times 100 = 15\%$ हानि
अत: दुकानदार का हानि प्रतिशत 15% होगा।

91. [a]

क्रय मूल्य (CP) = 100%
अंकित मूल्य(MP) = 120%
बट्टा/ छूट (D) = 10%
लाभ प्रतिशत = $\frac{120\times10}{100} = 12\% = 120 - 12 = 108\%$
= 8 % लाभ
अत: दुकानदार का लाभ प्रतिशत 8% होगा ।

92. [c]

**Method-I**

किसी धनराशि पर किसी वार्षिक ब्याज की दर से साधारण ब्याज मूलधन का $\frac{16}{25}$ है।
माना मूलधन = 100 रुपये
साधारण ब्याज = $100 \times \frac{16}{25}$ रुपये
प्रश्नानुसार,
∵ दर = समय
दर = $\frac{\text{साधारण ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{समय}}$
दर = $\frac{100 \times \frac{16}{25} \times 100}{100 \times \text{दर}}$
दर$^2$ = $\frac{16}{25} \times 100 = 64$ दर = 8%

**Method-II**

दर = $10\sqrt{\text{गुणा}} = 10 \times \sqrt{\frac{16}{25}} = 10 \times \frac{4}{5} = 8\%$

93. [b]

धनराशि का 2 वर्ष का साधारण ब्याज (SI) = 120 रुपये
2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज(CI) = 126 रुपये

| साधारण ब्याज (120 रु.) | चक्रवृद्धि ब्याज (126 रु.) |
|---|---|
| I$^{st}$ Year 60 | = 60 |
| II$^{nd}$ year 60 | 66 |

दर = $\frac{\text{कितने की वृद्धि}}{\text{किस पर}} \times 100 = \frac{6}{60} \times 100 = 10\%$
अत: दर (R) ,10% होगी।

94. [a]

35 संख्याओं का औसत = 25
35 संख्याओं का योग= 35 × 25 = 875
यदि प्रत्येक संख्या को 5 से गुणा किया जाएगा तो औसत भी 5 से गुणा होगा।
नया औसत = 25 × 5 = 125
अत: नया औसत 125 होगा।

95. [d]

20 संख्याओं का औसत = 60
योग = संख्या × औसत
20 संख्याओं का योग = 20 × 60 = 1200
इसमें से 2 संख्याएँ 87 तथा 105 निकाल देने पर
18 संख्याओं का योग = 1200 – 87 – 105 = 1008
शेष संख्याओं का औसत = $\frac{1008}{18} = 56$
अत: शेष संख्याओं का औसत 56 होगा।

96. [d]

- **अण्डाशय** – यह मादा पशुओं में प्राथमिक लैंगिक अंग होता है तथ इसका कार्य अण्डाणु तथा हॉर्मोन का उत्पादन करना है।
- गर्भाशय, अण्डवाहिनी व वेजाइना मादा पशु का द्वितीयक लैंगिक अंग है

97. [b]

- स्तन से निकलने वाला प्रथम स्राव पीले रंग का गाढ़ा तरल कोलस्ट्र कहलाता है।
- इसका कार्य शिशु को संक्रमण से बचाना, रोग प्रतिरोधक क्षमत विकसित करना है।

98. [a]

- प्रोस्टेट ग्रन्थि संरचना (नर में) सहायक जनन ग्रन्थि है प्रॉस्टे ऐसी ग्रंथि होती है, जो मुख्य रूप से नर पशु के यूरिनरी ब्लैडर पेनिस के बीच में मौजूद होती है।
- इस ग्रंथि का प्रमुख कार्य ऐसे द्रव्य पदार्थ का निर्माण करना है, जिस स्पर्म मौजूद होता है।

99. [d]

- मादा जननांगों में जोड़ी अंडाशय, अंडवाहिनी, डिंब वाहिनी त गर्भाशय होता है।
- मादा युग्मक उत्पन्न करते हैं जिसे अंडाणु (डिंब) कहते हैं।

100. [b]

- भेड़ व बकरियों में शरीर का सामान्य तापमान 102˚F होता है।
- घोड़ के शरीर का सामान्य तापमान 100.5˚F होता है।
- सूअर के शरीर का सामान्य तापमान 103˚F होता है।

101. [b]

- ऊँटनी के नवजात बच्चे को केमल काफ के नाम से जाना जाता है
- बकरी के नवजात बच्चे को किड कहते हैं।

126. [d]

- भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान केन्द्र झाँसी, उत्तरप्रदेश में स्थित है।

127. [d]

- गिर गाय प्रजनन केन्द्र डग, झालावाड़ में स्थित है।
- गौवंश नस्ल सुधार प्रजनन केन्द्र बस्सी, जयपुर में स्थित है।

128. [c]

- Calf pen नवजात बछड़ों के लिए उपयोग की जाने वाली इकाई है, जहाँ उन्हें सुरक्षित रखा जाता है।

129. [b]

- Calving box" गायों के प्रसव के लिए एक विशेष स्थान होता है, जिसका आकार 100-150 वर्ग फीट होता है, ताकि गाय को आराम मिले।

130. [d]

- डीप लीटर प्रणाली में बिछावन को शुष्क रखने के लिए यदि सुपर फॉस्फेट उपलब्ध न हो उस स्थिति में बूझा हुआ चूना [$Ca(OH)_2$] उसी अनुपात में काम में लेते हैं।

131. [a]

- मुख्यमंत्री द्वारा 8 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री बजट 2024-25 में घोषित MAA वाउचर योजना का शुभारंभ किया गया।
- इस योजना के माध्यम से राजकीय सोनोग्राफी केंद्रों के साथ-साथ निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर भी निःशुल्क सोनोग्राफी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।
- इस योजना के तहत दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

132. [c]

- मुख्यमंत्री ने राजस्थान की पहली फ्लाइंग एकेडमी अव्याना एविएशन इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किशनगढ़, अजमेर में किया है।
- इसका उद्घाटन 4 अगस्त, 2024 को किया।
- पायलट बनने का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स को राजस्थान में ही ट्रेनिंग मिल सकेगी।
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अव्याना एविएशन एकेडमी की ओर से इस सेंटर का संचालन किया जाएगा।
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति (एफटीओ) के तहत एकेडमी खोलने के लिए देश में 10 एयरपोर्ट्स का चयन किया गया था।

133. [a]

- हाल ही में राजस्थान की सलूंबर विधानसभा सीट से विधायक अमृतलाल मीणा का निधन हो गया।
- इनका निधन 7 अगस्त, 2024 को उदयपुर में हो गया।
- ये 3 बार सलूंबर के विधायक रह चुके हैं।

134. [b]

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा तैयार सुपर फूड 'राजगीरा 0.2' को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, बिहार से देश को समर्पित किया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आईसीएआर पूसा में 109 उन्नत बीजों की किस्में जारी की है।
- प्रधानमंत्री ने मिलेट्स खेती को बढ़ावा देने के लिए 34 खेती एवं 27 बागवानी फसलों को शामिल किया।
- इससे पूर्व भी विश्वविद्यालय की ओर से विकसित राजगीरा की किस्में आरएमए 4 व आरएमए 7 चित की गई थी।
- जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय की जोधपुर राजगीरा 1 व जोधपुर राजगीरा 2 किस्मों को विमोचित किया गया था। इसमें से जोधपुर राजगीरा 2 को राष्ट्र को समर्पित किस्मों में शामिल किया गया है।
- महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा विकसित अफीम की 'चेतक किस्म' राष्ट्र को समर्पित की गई है।

135. [a]

- राजस्थान में अजमेर के मोहनपुरा-फरकिया नामक स्थान पर ताँबे के भण्डार मिले हैं।
- कॉपर के इस भंडार की क्वालिटी एवं खनन लागत का परीक्षण किया जा रहा है।
- प्रारंभिक सर्वेक्षण के बाद खान विभाग की ओर से इस क्षेत्र में खनन कार्य के लिए प्रस्ताव निदेशालय को भेजा गया है।
- इस स्थान पर कॉपर, सिल्वर और ज़िंक के भंडार होने की पुष्टि हुई है। अभी इस खनिज की क्वालिटी और खनन की लागत को लेकर परीक्षण किया जा रहा है।
- अजमेर के हनोतिया में 1.463 मिलियन टन ताँबा है, यहाँ ताँबे की श्रेणी 1.48 प्रतिशत है। सावर में 2.37 मिलियन टन है, यहाँ 0.7-1 प्रतिशत श्रेणी का ताँबा है।
- नसीराबाद के निकट मोहनपुरा-फरकिया क्षेत्र में 1.12 मिलियन टन ताँबे के भंडार हैं, यहाँ इसकी श्रेणी 0.67 प्रतिशत है।

136. [c]

- 28 अगस्त से 8 सितंबर, 2024 तक आयोजित हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में राजस्थान के 9 एथलीटों ने भाग लिया।
- इन खेलों में पैरा शूटिंग में अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, निहाल सिंह और रूद्राक्ष खंडेलवाल थे।
- एथलेटिक्स में सुंदर गुर्जर व संदीप चौधरी, रोइंग में अनीता चौधरी, तीरंदाजी में श्यामसुंदर और बैडमिंटन में कृष्णा नागर ने हिस्सा लिया।
- भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया हैं।

137. [a]

- हाल ही में भरतपुर से संबंध रखने वाले भारत के पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन हुआ है।
- इनका निधन 10 अगस्त, 2024 को हो गया।
- इनका जन्म 16 मई, 1929 को भरतपुर में हुआ था। ये पाकिस्तान में भारत के राजदूत रह चुके हैं।
- इनको वर्ष 1984 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।
- ये कांग्रेस सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री रह चुके हैं।
- ये भरतपुर से लोकसभा सदस्य रह चुके हैं।
- ये राजस्थान से राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं।
- इनकी आत्मकथा 'वन लाइफ इज़ नॉट इनफ' प्रसिद्ध है, जिसमें उन्होंने अपने जीवन और राजनीतिक अनुभवों के बारे में विस्तार से लिखा है।

138. [d]

- मल्टी नेशनल एयर एक्सरसाइज़ 'तरंग शक्ति-2024' का आयोजन राज्य के जोधपुर एयरबेस पर किया गया।
- भारतीय वायु सेना की मेज़बानी में बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' के पहले चरण का समापन 14 अगस्त, 2024 को दक्षिण भारत के तमिलनाडु के सुलूर में हुआ।
- भारतीय टुकड़ी ने हवाई युद्ध उड़ानों में भाग लेकर 'आत्मनिर्भरता' के तहत स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन किया।
- बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का पहला चरण 6 अगस्त को शुरू हुआ था। इसका दूसरा और अंतिम चरण 29 अगस्त से 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में हुआ।
- दूसरे चरण के अभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाएँ शामिल हुईं।

139. [a]

- 25 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में भाग लिया।
- पीएम मोदी के साथ राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े, सीएम भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना उपस्थित रहे।